# नव भारत

1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण







## एक नजर में



### सोना एमसीएक्स पर 1.22 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली**. अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने में बुधवार को जोरदार तेजी देखी गई और कीमत 4,000 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई है. यह इतिहास में पहला मौका है, जब सोने की कीमत ने इस आंकड़े को पार किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने के दिसंबर फ्यूचर्स की कीमत भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे 4,040 डॉलर प्रति औंस थी. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने के दिसंबर फ्यूचर्स की कीमत भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे 4,040 डॉलर प्रति औंस थी. सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक अस्थिरता है, जिसके कारण निवेशक सोने में निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं.

### मुख्यमंत्री यादव आज मुंबई में निवेशकों से करेंगे संवाद

**भोपाल**. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को मुंबई में इंटरैक्टिव सेशन में निवेशकों से संवाद करेंगे. डॉ यादव की इस चर्चा के दौरान रिन्यूएबल एनर्जी उपकरण निर्माण सहित विभिन्न सेक्टर्स में निवेश पर बातचीत होगी. चर्चा के साथ मोहासा, बाबई इंडस्ट्रियल जोन में निवेश पर भी संवाद होगा. विमर्श में मैक्सिको, सिंगापुर, कनाडा और इटली के कॉन्सुल जनरल भी शिरकत करेंगे.

### शाह ने स्वदेशी जोहो मेल को बनाया ईमेल एकाउंट

**नई दिल्ली**. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना ईमेल प्लेटफॉर्म बदलते हुए जीमेल से जोहो मेल पर स्विच कर लिया है. यह स्वदेशी तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रही है और डिजिटल आत्मनिर्भरता के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर यह जानकारी साझा की.

## गुस्ताखी माफ




# मुंबई को दूसरा एयरपोर्ट

## मुंबई हमले के बाद कांग्रेस ने सुरक्षा बलों को पाक पर हमले से रोका था : मोदी




**नवी मुंबई, 08 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया. इस अवसर मुंबई से सीएम देवेंद्र फड़नवीस सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे. मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई में नवंबर 2008 के आतंकवादी हमलों के समय तत्कालीन केंद्र सरकार ने कमजोरी का परिचय दिया, जबकि देश के सुरक्षा बल पाकिस्तान की शह पर देश के एक सबसे जीवंत शहर पर किए गए हमले का जवाब देने को तैयार थे. उन्होंने कहा कि हाल ही में, एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमलों के बाद, हमारे सुरक्षा बल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थे, लेकिन किसी अन्य देश के दबाव के कारण, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हमारे सुरक्षा बलों को रोक दिया था.

### दो करोड़ यात्रियों को होगी सुविधा

प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डा सहित बुनियादी ढांचा क्षेत्र के तीव्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा, नए हवाई अड्डों के निर्माण तथा सस्ती हवाई यात्रा के लिए चलाई जा रही उड़ान योजना ने देश में आवागमन को आसान बनाया है। नवी मुंबई में अदानी समूह द्वारा स्थापित यह हवाई अड्डा 19650 करोड़ रुपये की लगात से विकसित किया जा रहा है। इसके पहले चरण का आज उद्घाटन किया गया है। इसके पहले चरण में सालाना दो करोड़ यात्रियों के आने जाने की सुविधा होगी। पूरा बन जाने पर यह सालाना नौ करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा।



**सीएम डॉ. मोहन यादव ने अमित शाह से की मुलाकात**

**भोपाल/नयी दिल्ली, 08 अक्टूबर**. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार सुबह दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने शाह से प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया.

# मुख्यमंत्री की गैरमौजूदगी में हुए बाकी सत्र

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को राजधानी में दो दिनी कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस में लगातार मौजूद रहना था, लेकिन बुधवार को सबेरे उन्हें अचानक दिल्ली जाना पड़ा. दिल्ली में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की.**

कॉन्फ्रेंस के बीच ही मुख्यमंत्री के अचानक दिल्ली जाने की जानकारी मिलते ही कॉन्फ्रेंस में शामिल होने आये अफसरों में ही कौतूहल और विस्मय की स्थिति बन गई और वे इसे लेकर काना-फूसी भी करते रहे, वहीं ये भी जानने की कोशिश करते रहे कि आखिर सीएम कॉन्फ्रेंस में कब शामिल होंगे. ऐसे में कानून-व्यवस्था को छोड़ बाकी सत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव की गैर मौजूदगी में ही हुए. इस स्थिति में मोर्चा मुख्य सचिव अनुराग जैन ने संभाला और उन्होंने कॉन्फ्रेंस के सत्रों को आगे बढ़ाया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दिल्ली से दोपहर में ही वापस आ जाना था, लेकिन दिल्ली में उनकी व्यस्तता के चलते वे शाम को राजधानी पहुंचें. (**शेष पेज 12 पर**)

# पाक में मारे गए 19 आतंकवादी

## भीषण गोलीबारी के दौरान 11 सैनिक शहीद

**इस्लामाबाद, 08 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार रात एक अभियान के दौरान मुठभेड़ में 11 सैनिक और 19 आतंकवादी मारे गए.**

सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ओरकजई जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया गया. आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के साथ प्रभावी ढंग से मुकाबला किया, जिसके कारण 19 आतंकवादी मारे गए. हालांकि, भीषण गोलीबारी के दौरान 11 सैनिक भी शहीद हो गए. आईएसपीआर ने कहा कि इलाके से आतंकवादियों की मौजूदगी को खत्म करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. सेना ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सेना के दो जवान लापता

**श्रीनगर, 08 अक्टूबर (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकरनाग के ऊपरी इलाकों में चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियान के बीच सेना के दो जवान संपर्क से बाहर हो गए हैं. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. जवानों की तलाश के लिए घने जंगल में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया है. अधिकारियों का मानना है कि पिछले दो दिनों से चल रहे खराब मौसम के कारण जवानों का संपर्क टूट गया होगा.

# सुको ने लगाई सीबीआई को फटकार

**देवा पारधी की हिरासत में मौत के मामले में सुनवाई**

**आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी में देरी का मामला**

**नई दिल्ली 08 अक्टूबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने एक युवक की हिरासत में मृत्यु के मामले में आरोपी मध्य प्रदेश के दो पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी में अत्यधिक देरी पर बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को फटकार लगाई.**



न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने संबंधित मामले में अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि ये गिरफ्तारियां अदालत द्वारा अवमानना की कड़ी चेतावनी दिए जाने के बाद ही की गईं.

अवमानना याचिका में अदालत के 15 मई, 2025 के पूर्व आदेश की जानबूझकर अवज्ञा का आरोप लगाया गया था, जिसमें सीबीआई को दोनों पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था. यह मामला मध्य प्रदेश के 26 वर्षीय देवा पारधी की हिरासत में मौत से संबंधित है. शीर्ष अदालत ने सीबीआई के हलफनामे पर गौर करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की. इस हलफनामे में कहा गया था कि दोनों फरार अधिकारियों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया.

**कॉन्फ्रेंस** | लखपति दीदी अभियान में सिंगरौली, टीकमगढ़, देवास सबसे बेहतर

# योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अक्टूबर. कलेक्टर्स- कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन ग्रामीण विकास विभाग के सत्र के दौरान अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी ने प्रजेंटेशन दिया. उन्होंने मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के बारे में बताया कि जबलपुर, इंदौर, नीमच एवं पन्ना के 14 ग्रामों का चयन किया गया है.**



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और प्रधानमंत्री जनधन और धरती आबा कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी दी. कलेक्टरों से कहा गया कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में समयबद्ध प्रगति के लिए मैदानी अमले का दायित्व निर्धारण करें. ग्रामीण विकास के संदर्भ में विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर एक्शन प्वाइंट पर चर्चा की गई. साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान की भी समीक्षा की गई लखपति दीदी अभियान को और सशक्त बनाने की अपेक्षा कलक्टरों से की. प्रजेन्टेशन में बताया गया कि लखपति दीदी योजना में सिंगरौली, टीकमगढ़ और देवास में सबसे बेहतर काम पाया गया. इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टरों को नसीहत देते हुए कहा कि जिला कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकास के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें. साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी अभियानों में ग्रामीणों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाये.

### 5 जिलों के कलेक्टरों ने दिया प्रजेंटेशन

कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर खंडवा ने आत्मनिर्भर गौ-शाला और जल संवर्धन अभियान, रायसेन ने जलगंगा संवर्धन अभियान, छिंदवाड़ा ने वाश ऑन व्हील, बड़वानी ने एफआरए पट्टा होल्डर और जिला सीधी ने बेलहा डैम पुनर्जीवन की प्रस्तुति दी.


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in